NEWS18
हिंदी

CISF: आरटीसी भिलाई ने 2-स्टार ग्रेडिंग हासिल कर रचा इतिहास, CBC ने दी 'अति उत्तम' की मान्यता, जानें क्या ह□खास

Written by:

- **Anoop Kumar Mishra**
Last Updated:June 11, 2025, 20:37 IST

CISF News: सीआईएसएफ के आरटीसी भिलाई को एनएससीएसटीआई के तहत 'अति उत्तम' स्तर की मान्यता और 2-स्टार ग्रेडिंग मिली है. यह केंद्र 1969 में स्थापित हुआ था और आधुनिक तकनीकों का उपयोग करता है.

हाइलाइट्स

- **आरटीसी भिलाई को 2-स्टार ग्रेडिंग मिली.**
- **आरटीसी भिलाई को 'अति उत्तम' मान्यता मिली.**
- **आरटीसी भिलाई 1969 में स्थापित हुआ था.**

CISF News: केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) भिलाई ने एक शानदार उपलब्धि हासिल की है. इसे नेशनल स्टैंडर्ड्स फॉर सिविल सर्विसेज ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशन्स (एनएससीएसटीआई) के तहत 'अति उत्तम' स्तर की मान्यता और 2-स्टार ग्रेडिंग मिली है. यह खबर सीआईएसएफ के लिए गर्व का पल है, क्योंकि आरटीसी भिलाई इसका सबसे पुराना और पहला प्रशिक्षण केंद्र है.